# भारतीय जनता पार्टी

**(केंद्रीय कार्यालय)**
11, अशोक रोड, नई दिल्ली - 110001
फोन: 011-23005700, फैक्स: 011-23005787

04 मई, 2016

## भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा तमिलनाडु के पट्टुकोट्टई, तेनकासी, नागरकोइल और मदुरै की रैली में दिए गए संबोधन के मुख्य अंश

**2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्त्व में केंद्र में भाजपा की अगुआई वाली एनडीए सरकार के गठन के बाद से देश ने पहली बार विकास की राह पकड़ी है और देश के आम लोगों में आशा की एक नई किरण जगी है: अमित शाह**

************

**तमिलनाडु उद्यमशीलता, मेहनत और उद्योगों की जगह भ्रष्टाचार का प्रतीक बनकर रह गया है: अमित शाह**

************

**पिछले 50 वर्षों से तमिलनाडु ने दो पार्टियों और दो परिवारों का शासन देखा है, इससे मुक्ति पाने का एक अवसर 2016 के विधान सभा चुनाव हैं: अमित शाह**

************

**केंद्र में 2 वर्षों से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्त्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के ऊपर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं है: अमित शाह**

************

**हमने देश में भ्रष्टाचार-मुक्त शासन व्यवस्था की नींव रखी है: अमित शाह**

************

**मोदी सरकार राज्य के मछुआरों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है: अमित शाह**

************

**तमिलनाडु की जनता को यह निर्णय लेना है कि राज्य में विकास की धारा बहाने वाली भाजपा-नीत एनडीए की सरकार चाहिए या फिर भ्रष्टाचार और घोटाले वाली डीएमके और एआईएडीएमके की सरकार: अमित शाह**

************

**डीएमके और एआईएडीएमके की सरकारों ने पिछले 50 वर्षों से भ्रष्टाचार के सिवाय कुछ भी नहीं किया है: अमित शाह**

************

## डीएमके और एआईएडीएमके में कोई फर्क नहीं है, दोनों ही करप्ट हैं और दोनों ने तमिलनाडु की जनता को विकास से महरूम रखने का काम किया है: अमित शाह

************

## कांग्रेस ने अपने 10 वर्षों के यूपीए शासन में 12 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का घोटाला किया - टूजी, कॉमनवेल्थ, हेलीकॉप्टर, कोल जैसे कई घोटाले यूपीए सरकार की तो झलकियां भर है: अमित शाह

************

## यदि राज्य में एनडीए की सरकार बनती है तो तमिलनाडु की अधिकतर समस्याओं का अपने-आप समाधान हो जाएगा: अमित शाह

************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री अमित शाह ने आज, बुधवार को तमिलनाडु के पट्टुकोट्टई, तेनकासी, नागरकोइल और मदुरै की रैली को संबोधित करते हुए तमिलनाडु की बदहाली के लिए डीएमके, एआईएडीएमके और कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया और उनपर जमकर प्रहार किया। साथ ही, उन्होंने राज्य की जनता से तमिलनाडु को विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए प्रदेश में भाजपा गठबंधन की सरकार बनाने की अपील की।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **2016 के विधान सभा चुनाव में तमिलनाडु की जनता को यह निर्णय लेना है कि राज्य में विकास की धारा बहाने वाली भाजपा-नीत एनडीए की सरकार चाहिए या फिर भ्रष्टाचार और घोटाले वाली डीएमके और एआईएडीएमके की सरकार?** उन्होंने कहा कि **पिछले 50 वर्षों में डीएमके और एआईएडीएमके - इन दोनों पार्टियों ने बारी-बारी से तमिलनाडु की जनता का शोषण किया है और भ्रष्टाचार का पोषण किया है** जबकि राज्य की जनता दोनों पार्टियों को सिरे से नकार चुकी है। उन्होंने कहा कि **डीएमके और एआईडीएमके की सरकारों ने पिछले 50 वर्षों से भ्रष्टाचार के सिवाय कुछ भी नहीं किया है।** उन्होंने कहा कि **डीएमके और एआईएडीएमके में कोई फर्क नहीं है, दोनों ही करप्ट हैं और दोनों ने ही तमिलनाडु की जनता को विकास से महरूम रखने का काम किया है।** उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण ही तमिलनाडु में बेरोजगारी, पीने के पानी और बिजली की समस्या है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा की अगुआई वाली एनडीए सरकार के गठन के बाद से देश ने पहली बार विकास की राह पकड़ी है और देश के आम लोगों में आशा की एक नई किरण जगी है।** उन्होंने कहा कि हमें यही शुरुआत तमिलनाडु में भी करनी है और इसके लिए राज्य में बारी-बारी से बननेवाली डीएमके और एआईएडीएमके की सरकारों को बदलकर भाजपा की अगुआई में एनडीए की सरकार बनानी है।

श्री शाह ने कहा कि **तमिलनाडु उद्यमशीलता, मेहनत और उद्योगों की जगह भ्रष्टाचार का प्रतीक बनकर रह गया है।** उन्होंने कहा कि **डीएमके, एआईएडीएमके और कांग्रेस - तीनों पार्टियां भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है।** उन्होंने कहा कि टूजी, एयरटेल-मैक्सिस घोटाले के तार सीधे

डीएमके और कांग्रेस से जुड़े हुए हैं, कांग्रेस के तमिलनाडु में चेहरा पी चिदंबरम और उनके बेटे कार्ति चिदंबरम पहले से ही आय से अधिक संपत्ति के मामले और भ्रष्टाचार के कई अन्य मामलों में आरोपित हैं। उन्होंने कहा कि **कांग्रेस ने अपने 10 वर्षों के यूपीए शासन में 12 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का घोटाला किया - टूजी, कॉमनवेल्थ, हेलीकॉप्टर, कोल जैसे कई घोटाले यूपीए सरकार की तो झलकियां भर है।** उन्होंने कहा कि एआईएडीएमके सुप्रीमो भी आय से अधिक संपत्ति, शराब घोटाले और  कई अन्य घोटालों में संलिप्त रही हैं। उन्होंने कहा कि देश में कई प्रकार के घोटाले हुए पर तमिलनाडु में तो बच्चों के पीनेवाले दूध में भी राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं द्वारा घोटाला किया गया। इतना ही नहीं, डीएमके और एआईएडीएमके, दोनों पार्टियों द्वारा 2000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा के रेत और अवैध खनन के घोटाले हुए। श्री शाह ने तमिलनाडु की जयललिता सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब प्रदेश में एआईएडीएमके की पांच वर्षों के लिए सरकार बनती है तो लोगों को लगता है कि पता ही नहीं, कब मुख्यमंत्री बदल जाए।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **पिछले 50 वर्षों से तमिलनाडु ने दो पार्टियों और दो परिवारों का शासन देखा है, इससे मुक्ति पाने का एक अवसर 2016 के विधान सभा चुनाव हैं।**

श्री शाह ने कहा कि **केंद्र में 2 वर्षों से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्त्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के ऊपर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं है।** उन्होंने कहा कि **हमने देश में भ्रष्टाचार-मुक्त शासन व्यवस्था की नींव रखी है।** उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार राज्य के मछुआरों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है**। श्री शाह ने कहा कि **मोदी सरकार के दो वर्षों के शासनकाल में एक भी तमिल मछुआरे की हत्या श्रीलंकन नेवी के द्वारा नहीं की गई।** उन्होंने कहा कि केंद्र में हमारी सरकार बनने के बाद **हमने श्रीलंका में फांसी की सजा दिये जा चुके होने के बावजूद तमिलनाडु के मछुआरों के सकुशल वापसी सुनिश्चित की और राज्य के स्वाभिमान को अक्षुण्ण बनाये रखा।** उन्होंने कहा कि जब तमिलनाडु में बाढ़ आई, तब यहां की सरकार तो सोई रही लेकिन हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी खुद चेन्नई में आकर राहत कार्यों की समुचित व्यवस्था के लिए डटे रहे और प्रभावित लोगों के मदद के लिए तत्काल 2000 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी गई। श्री शाह ने जयललिता सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इन पैसों से इंफ्रास्ट्रक्चर और राज्य की जनता की सुविधाओं पर खर्च करने के बजाय अम्मा के हस्ताक्षरित चेक बांटे गए, इतना ही नहीं, केंद्र सरकार द्वारा सस्ते मूल्य पर जो चावल राज्य सरकार को दी जा रही है, मुख्यमंत्री उसे भी अपने नाम से जनता तक पहुंचा रही हैं। उन्होंने कहा कि **तमिलनाडु की एआईएडीएमके सरकार केंद्र सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं जैसे ग्रामीण विद्युतीकरण और लेड बल्बों के उपयोग की योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को गाँवों तक पहुंचाने की योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, स्वाइल हेल्थ कार्ड योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना और गरीब लोगों की आत्मनिर्भरता के लिए शुरू की गई मुद्रा योजना इत्यादि योजनाओं को लागू करने में उदासीन रही है।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **केंद्र की भाजपा सरकार गरीब जनता के स्वास्थ्य की भलाई के लिए कई योजनाओं की शुरुआत की है।** उन्होंने कहा कि 2019 तक देश के पांच करोड़ गरीब परिवारों

को मुफ्त में गैस सिलिंडर देने की योजना 'उज्ज्वला योजना' की शुरुआत की गई है लेकिन **तमिलनाडु में यदि डीएमके और एआईएडीएमके की सरकारें रहीं तो ये योजनाएं आम जनता तक नहीं पहुँच पाएंगी।**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **यदि तमिलनाडु को समृद्धि के शिखर तक पहुंचाना है तो राज्य में बारी-बारी से बननेवाली डीएमके और एआईएडीएमके की सरकारों के ट्रेंड को बदलना होगा।** उन्होंने कहा कि **यदि राज्य में एनडीए की सरकार बनती है तो तमिलनाडु की अधिकतर समस्याओं का अपने-आप समाधान हो जाएगा।** उन्होंने राज्य की जनता से तमिलनाडु को विकास की राह पर आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश में भाजपा गठबंधन की सरकार बनाने की अपील की।

(इंजी. अरुण कुमार जैन)
कार्यालय सचिव